**State Council of Educational Research & Training Chhattisgarh, Shankar Nagar, Raipur**

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर**

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

पत्र क्र. / SCERT /LLF/परिषद /....5415 रायपुर , दिनांक 19.12.2018

प्रति,

1. जिला शिक्षा अधिकारी,
रायपुर , महासमुंद , दुर्ग , बालोद , मुंगेली धमतरी , बेमेतरा , बलौदा बाजार , बिलासपुर एवं राजनांदगांव छत्तीसगढ़

2. प्राचार्य डाईट
रायपुर , महासमुंद , दुर्ग , पेंड्रा रोड , नगरी ,बेमेतरा , खैरागढ़ छत्तीसगढ़

3. जिला मिशन समन्वयक
रायपुर , महासमुंद , दुर्ग , बालोद , मुंगेली, धमतरी बेमेतरा , बलौदा बाजार , बिलासपुर एवं राजनांदगांव छत्तीसगढ़

विषय : SCERT एवं Language and Learning Foundation द्वारा जनवरी 2019 से आरंभ होने वाले 3 माह के ' प्रारंभिक भाषा शिक्षण एवं अकादमिक सहयोग सर्टिफिकेट कोर्स के दूसरे बैच हेतु संकुल समन्वयकों को आवेदन करने के लिए निर्देशित करने विषयक।

उपरोक्त विषयांतरगत राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ एवं एल.एल.एफ़. नई दिल्ली के बीच हुए एम.ओ.यू. के अंतर्गत जिला रायपुर , महासमुंद , दुर्ग , बालोद , मुंगेली , धमतरी , बेमेतरा , बलौदा बाजार ,बिलासपुर एवं राजनांदगांव के संकुल समन्वयकों की प्रारंभिक भाषा शिक्षण एवं अकादमिक सहयोग के संदर्भ में क्षमता विकास हेतु 3 माह के कोर्स का दूसरा बैच जनवरी 2019 से आरंभ किया जाना है। कृपया इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए अपने जिले के संकुल समन्वयकों को उक्त कोर्स में नामांकन करने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के लिए निर्देशित करें । आवेदन करने की **अंतिम तिथि 10 जनवरी 2019** है। कोर्स के लिये आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार किये जाएंगे।
आवेदन पत्र का लिंक आपको एल.एल.एफ. की वेबसाइट पर मिल सकता है या इस लिंक का प्रयोग ब्राउजर पर करके आप आवेदन कर सकते है –

https://docs.google.com/forms/d/1-PSbW7MPn3WmMUz5lnXL4p1f-TsPu9t3kZOvkWGGmLA/edit?ts=5c10d496

कोर्स से संबंधित जानकारी के लिए फोन- 01126106045 पर शाम 4 से 5 बजे के मध्य संपर्क किया जा सकता है।

संलग्न – कोर्स आवेदन प्रक्रिया एवं प्रारूप.

(सुधीर कुमार अग्रवाल)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.छ.ग.

पत्र क्र. / SCERT /LLF/परिषद /....5411....

रायपुर , दिनांक 19.12.2018

प्रतिलिपि –

1. कलेक्टर , जिला................. छ. ग. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. मिशन संचालक , रा.गां.शि.मि. , सर्व शिक्षा अभियान , राज्य परियोजना कार्यालय , रायपुर छ.ग.
3. डॉ.धीर.झिंगरन , संचालक , एल.एल.एफ़. , नई दिल्ली
4. शिक्षा अधिकारी यूनिसेफ छ. ग. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(सुधीर कुमार अग्रवाल)

संचालक

एस.सी.ई.आर.टी.छ.ग.

LLF | Language and Learning foundation

# लैंग्वेज एंड लर्निंग फ़ाउंडेशन (एल एल एफ़)
# “प्रारंभिक कक्षाओं में भाषा शिक्षण एवं अकादमिक सहयोग”- सर्टिफ़िकेट कोर्स 2019
## कोर्स सत्र - जनवरी से अप्रैल 2019

## कोर्स की सामान्य जानकारी

1. **कोर्स के उद्देश्य**

इस कोर्स को कामयाबी के साथ पूरा करने पर प्रतिभागियों में निम्नलिखित समझ और कौशलों का विकास आपेक्षित है -

- शुरूआती प्राथमिक कक्षाओं में भाषा और साक्षरता, सीखने-सिखाने से संबंधित सैद्धांतिक समझ और कौशलों में वृद्धि
- भाषा शिक्षण के दौरान उपयुक्त रणनीतियों और गतिविधियों का चयन करके योजना बनाना और उनका क्रियान्वन करने में सक्षम होना
- शिक्षक-प्रशिक्षक और अकादमिक संबलन और मॉनिटरिंग टीम के सदस्य (जैसे क्लस्टर/ब्लॉक कोऑर्डिनेटर) भाषा शिक्षण हेतु अध्यापकों को उच्चस्तरीय और बेहतर सहायता दे पाना
- संकुल, विकासखंड या जिला स्तर पर प्रारंभिक भाषा शिक्षण कार्यक्रम तैयार करने की प्रक्रिया में योगदान दे पाना

2. **कोर्स की अवधि** - इस कोर्स की समय अवधि तीन से चार माह की होगी – जनवरी से मई 2019 ( अप्रैल में ब्रेक रहेगा) |

3. **शिक्षा का माध्यम** –यह कोर्स हिंदी भाषा के माध्यम से संचालित किया जाएगा |

4. **कोर्स के लिए योग्यता** – बी.आर.पी. ( हिंदी भाषा) एवं संकुल अकादमिक समन्वयक

**केवल इन 10 जिलों से** - (i) रायपुर, (ii) दुर्ग, (iii) महासमुंद, (iv) मुंगेली, (v) बालोद, (vi) धमतरी , (vii) बेमेतरा, (viii) बिलासपुर, (ix) राजनंदगांव और (x) बलोदा बाज़ार

5. **आवश्यक शर्तें :**

- स्मार्टफोन हो जिसपर इंटरनेट उपलब्ध हो |

- ईमेल व व्हाट्सऐप का प्रयोग करना जानते हो |
- हिंदी टाइपिंग आती हो सीखने को तैयार/ यदि नहीं तो कोर्स के लिए तैयारी के चरण में यह क्षमता हासिल करने ,
- प्रति माह कम से कम 6 से 8 घंटे का समय कोर्स के लिए देने को तैयार हो |
- कक्षा 1 से 3 की भाषा कक्षा में जाकर कोर्स की समझ को व्यावहारिक स्तर पर परखने की उपलब्धता और रुचि हो |

6. **कोर्स के विषय-** कोर्स में कुल 4 मॉड्यूल या स्व – अध्ययन सामग्री है –

   i. **मॉड्यूल 1-** प्रारंभिक कक्षाओं में भाषा एवं साक्षरता विकास
   ii. **मॉड्यूल 2-** प्रारंभिक कक्षाओं में भाषा एवं साक्षरता कौशलों का विकास
   iii. **मॉड्यूल 3-** पढ़ना और लिखना सीखने सिखाने की-रणनीतियाँ
   iv. **मॉड्यूल 4-** प्रारंभिक भाषा कक्षाओं में शिक्षण और अकादमिक सहयोग

7. **कोर्स के विभिन्न घटक**

इनकी मदद से आप लचीले एवं सहज तरीके से कोर्स से संबंधित अकादमिक कार्यों को पूरा करने में सक्षम हो पाएंगे-

i. **मेंटर :** मेंटर पूरे कोर्स के दौरान उनके मार्गदर्शन व आकलन के लिए रहेंगे| हर 10 से 12 प्रतिभ्मागी पर एक मेंटर रहेगा |
ii. **स्व – अध्ययन सामग्री (सेल्फ रीडिंग ) :** कुल 4 माड्यूल होंगे | इसमें महत्वपूर्ण पठन सामग्री तथा सहायक आडियों एवं वीडियों संसाधन शामिल हैं| प्रत्येक माड्यूल तीन सप्ताह में किया जाएगा |
iii. **ग्रुप कांफ्रेंस कॉल :** पहले और तीसरे सप्ताह में एक कॉल , जिसके दौरान आपको पूर्व निर्धारित विषय पर मेंटर व अन्य सहयोगियों के साथ चर्चा करने का मौका मिलेगा |
iv. **क्विज़ :** प्रत्येक माड्यूल के अंत में कम से कम दस प्रश्नों की ऑनलाइन क्विज़ जो कोर्स वेबसाइट पर होगी |
v. **असाइनमेंट्स :** कुल 4 असाइनमेंट दिए जाएंगे, इनमें से एक 1 डेस्क आधारित तथा 3 फिल्ड आधारित ( जिसमें आपको कक्षा में बच्चों के साथ कुछ कार्य करना होगा )|
vi. **ऑनलाईन चर्चा फोरम :** विषय आधारित चर्चाएँ ,जिसमें आपको मेंटर व अन्य सहभागियों के साथ दो थीम्स पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा|
vii. **विशेषज्ञ सत्र :** आमंत्रित विशेषज्ञ / कोर्स डायरेक्टर से दो बार ऑडियो कांफ्रेंस |
viii. **संपर्क कार्यशालाएँ :** आपके संदेहों /प्रश्नों पर चर्चा और अनुभवों को साझा करने के लिए कोर्स के दौरान दो दिन की 2 कार्यशालाएँ होंगी |

## आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया:

- कोर्स परिचय को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उसके उपरांत नीचे दिए गए लिंक पर क्लिक करके ऑनलाइन फॉर्म को पूर्ण रूप से भरें |
- इस लिंक का इस्तेमाल करते हुए फॉर्म को ऑनलाइन भरें –

https://docs.google.com/forms/d/1-PSbW7MPn3WmMUz5lnXL4p1f-TsPu9t3kZOvkWGGmLA/edit?ts=5c10d496

1. फॉर्म जमा कराने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2019 है।
2. चयनित प्रतिभागियों की सूचना 15 जनवरी 2019 तक दी जाएगी|
3. कोर्स से संबंधित अन्य जानकारी के लिए आप इस फ़ोन नंबर पर शाम 4 से 5 बजे के मध्य संपर्क कर सकते हैं - 01126106045